Title: Need to look into the problems of sugarcane growers in Baharaich District of Uttar Pradesh.

श्री पदमसेन चौधरी (बहराइच) : उपाध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश के बहराइच जनपद में चिलवरिया में स्थित सिम्भौली शुगर एंड केमिकल्स चीनी मिल के मालिक ने पिछले सत्र के पेराई के बाद ताला बन्द कर दिया है। जिससे गत वर्ष के गन्ने का मूल्य बकाया पड़ा है। किसान बहुत ही परेशान हैं और रबी की बोआई में खाद, बीज आदि की व्यवस्था कर पाने में असमर्थ हैं। इस फैक्टरी के कार्यक्षेत्र में गन्ने की नई फसल को यदि नानपारा व बलरामपुर चीनी मिल में स्थानान्तरित नहीं किया जायेगा तो किसानों का गन्ना सूख जाएगा।

अतः किसानों का बकाया गन्ने का मूल्य दिलाने तथा फसल गन्ना की पेराई की व्यवस्था अविलम्ब की जाये।